# भौतिक शास्त्र ने कई रहस्यों को किया उजागर : मृत्युंजय



**भौतिकी अध्ययनशाला में मनाया गया विश्व भौतिकी दिवस**

**नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।**

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में भौतिकी अध्ययनशाला द्वारा गुरूवार को विश्व भौतिकी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भौतिक शास्त्र के सहायक प्राध्यापक मृत्यंजय कुमार ने कहा कि भौतिकी हमें उपप्रमाण्विक कणों से लेकर ब्रहमांड तक के रहस्यों को उजागर करने में सहायता करता है। महान वैज्ञानिक न्यूटन, मैरी क्यूरी, डॉ. सीवी रमन आदि को सम्मान देने हम हर वर्ष विश्व भौतिकी दिवस मनाते हैं। रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार ने अपने उदबोधन में एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सीवी रमन के विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी। स्टीफन हॉकिंग के बारे में कहा कि शारीरिक अक्षमता किसी भी प्रकार से आबिष्कार में बाधा नहीं बन सकती। डॉ मनोज ने बताया कि वैज्ञानिक मैडम क्यूरी ने यह साबित कर दिखाया कि शोध कार्य केवल पुरूषों का क्षेत्र नहीं है। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में युवराज एवं रोशन और ड्राइंग में आकृति एवं इंद्रजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एमएससी भौतिकी के विद्यार्थी रौशन पटेल एवं वर्षा पांडेय ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुषमा सिंह, डॉ. प्रिंस जैन, संजय पांडेय, भूमिका साहू, अनुभा डे, दुर्गा साहू, कीर्ति मेहरा, यामिनी जोशी, खिरेंद्र ठाकुर, सेमंत बघेल, रूचि तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।


कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.